बिना अनुमति लगी प्रतिमा, गरमाई सियासत

पूर्व मंत्री इन्द्रजीत कुमार की प्रतिमा लगाने नपा ने प्रस्ताव किया था पारित, प्रशासन के अनुमति के अभाव में नही लगी थी प्रतिमा

नवभारत न्यूज

सीधी 8 जून। म.प्र. शासन के पूर्व मंत्री स्वर्गीय इन्द्रजीत कुमार की पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पास बिना अनुमति के कल देर रात पूर्व मंत्री के समर्थकों द्वारा निर्धारित स्थान पर प्रतिमा लगाने के बाद से जिले की सियासत गरमा गई है और प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गया है।

यहां बताते चलें कि पूर्व मंत्री इन्द्रजीत कुमार के प्रतिमा स्थापना के लिए वर्ष 2023 में नगर पालिका परिषद सीधी को आवेदन प्रस्तुत किया गया था। नपा की बैठक में प्रतिमा स्थापना का प्रस्ताव भी पारित किया गया था लेकिन प्रशासन से अनुमति नही मिलने के कारण प्रतिमा स्थापित नही हो पाई। हालांकि इसके अनावरण और स्थापना की अनुमति के लिए प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर लगातार प्रयास किए गए लेकिन लंबे समय तक कोई ठोस निर्णय नहीं हो सका। वर्षों तक कोई निर्णय नही होने पर कल देर रात पूर्व मंत्री की प्रतिमा लगाने वाले समर्थकों का कहना है कि वर्षों तक प्रतीक्षा के बाद भी जब प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी तब स्थानीय नागरिकों और पूर्व मंत्री इंद्रजीत कुमार के समर्थकों ने जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रतिमा को प्रस्तावित स्थल पर स्थापित करने का निर्णय लिया है। सोमवार सुबह प्रतिमा स्थापना की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचने लगे और इसे जिले के लोकप्रिय नेता को सच्ची श्रद्धांजलि बताया। वहीं प्रतिमा स्थापना की इस प्रक्रिया को लेकर कुछ लोग सवाल भी खड़े किए हैं। विरोध के स्वर सामने आने के बाद प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। कोतवाली थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और पुलिस हालात पर नजर बनाए हुए है।

प्रतिमा स्थल पर जारी हुआ प्रतिबंधात्मक आदेश

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सीधी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि पीडब्ल्यूडी रेस्टहाउस के सामने कुछ लोगों द्वारा बिना अनुमति एवं पूर्व सूचना के मूर्ति की स्थापना कर दी गई है। जिससे उक्त स्थल पर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था भंग होने की स्थिति निर्मित हो गई है। उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए इस बात का समाधान हो चुका है कि कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया जाना अति आवश्यक है। अत: उपरोक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जिला सीधी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पीडब्ल्यूडी रेस्टहाउस के सामने जहां पर मूर्ति की स्थापना की गई है के 100 मीटर की परिधि को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। चूंकि यह आदेश सीधी जिला क्षेत्र अंतर्गत सर्वसाधारण के विरुद्ध पारित किया जा रहा है सूचना की तामीली सम्यक समय में प्रत्येक पर करना एवं उनकी सुनवाई करना संभव नहीं है। अत: भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(2) के तहत यह आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है। इस आदेश की सूचना विभिन्न माध्यमों से प्रसारित करने के आदेश दिए गए हैं। उक्त आदेश का उल्लंघन किए जाने पर संबंधित के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्रवाई की जावेगी।

इनका कहना है

बिना अनुमति प्रतिमा स्थापित करने के मामले में यदि कोई कार्रवाई होती है तो यह पता चल जायेगा।

प्रिया पाठक, डिप्टी कलेक्टर सहित सीएमओ नपा सीधी

समान नागरिक संहिता पर जन-परामर्श बैठक आज

सीधी 8 जून। जिला प्रशासन सीधी द्वारा जानकारी दी गई है कि समान नागरिक संहिता (यूनिफॉर्म सिविल कोड) के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य अनूप नायर के सीधी प्रवास के दौरान 9 जून मंगलवार को अपराह्न 3:30 बजे शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 सीधी के स्वामी विवेकानंद सभागार में जन-परामर्श बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक का उद्देश्य समान नागरिक संहिता के विभिन्न प्रावधानों के संबंध में समाज के विभिन्न वर्गों, समुदायों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों के सुझाव, विचार एवं आपत्तियां प्राप्त करना है ताकि विषय के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक विमर्श सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होकर अपने बहुमूल्य सुझाव एवं विचार प्रस्तुत करें तथा जन-परामर्श प्रक्रिया को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाएं। यह बैठक समाज के विभिन्न वर्गों के दृष्टिकोण को समझने और सुझावों को संकलित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी।

जिले के 3 प्रतिभाशाली व्यक्तित्व बने स्टार ऑफ द मंथ

उत्कृष्ट कार्यों के लिए हुए सम्मानित

नवभारत न्यूज

सीधी 8 जून। जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं जैविक कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले तीन व्यक्तित्वों को स्टार ऑफ द मंथ के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके समर्पण, नवाचार और समाजहित में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

मनोज कुमार मिश्र प्रभारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंडी कुसमी को विद्यालय में आयोजित समर कैम्प के सफल संचालन के लिए सम्मानित किया गया। निरीक्षण के दौरान कैम्प में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी, ड्राइंग, पेंटिंग, योग एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण जैसी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु किए गए प्रयास सराहनीय पाए गए। कु.माधवी साकेत कक्षा 8वीं माध्यमिक शाला रामपुर टमसार कुसमी को विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण विषय पर प्रभावशाली पेंटिंग एवं प्रेरणादायक स्लोगन प्रस्तुत करने के लिए सम्मानित किया गया। उनकी रचनात्मकता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के प्रयासों की विशेष सराहना की गई।

वहीं श्रीमती राजमती सिंह, सीआरपी सीता स्व-सहायता समूह मेडरा कुसमी को जैविक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने तथा महिला किसानों एवं अन्य कृषकों को प्राकृतिक एवं जैविक कृषि अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिए सम्मानित किया गया। उनके प्रयासों से किसानों में जैविक खेती के प्रति जागरूकता बढ़ी है तथा पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा मिला है। जिला प्रशासन ने सम्मानित सभी प्रतिभाओं को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर सफलता की शुभकामनाएं दी हैं। इन उपलब्धियों से न केवल संबंधित क्षेत्र बल्कि पूरा जिला गौरवान्वित हुआ है।

सिंहस्थ 2028 : दूसरे प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

सीधी 8 जून। आगामी सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत एसपी संतोष कोरी के निर्देशन में पुलिस लाइन में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज द्वितीय बैच के प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।

उल्लेखनीय है कि प्रथम बैच 1 जून से 6 जून तक सफलतापूर्वक संचालित किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सिंहस्थ-2028 के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, साइबर समन्वय, आपदा प्रबंधन एवं तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग हेतु पुलिस बल को दक्ष एवं प्रशिक्षित बनाना है ताकि विशाल धार्मिक आयोजन का सफल एवं व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को क्राउड मैनेजमेंट, वर्चुअल रियलिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन सर्विलांस, फेशियल रिकग्निशन तकनीक, साइबर सुरक्षा, पुलिस ड्यूटी पोर्टल एवं साइबर वॉरियर्स पोर्टल के उपयोग संबंधी जानकारी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। एसपी श्री कोरी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि सिंहस्थ विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक है तथा इसके सफल संचालन के लिए पुलिस बल का प्रशिक्षित, तकनीक-सक्षम एवं संवेदनशील होना आवश्यक है। प्रशिक्षण सत्र का संचालन टीओटी प्रशिक्षक सउनि रजनीश बघेल एवं संतोष साकेत द्वारा किया जा रहा है।

अधिमास के चौथे सोमवार को बढ़ौरा में उमड़ा आस्था का सैलाब

नवभारत न्यूज

सेमरिया 8 जून। अधिमास के चौथे सोमवार को क्षेत्र के प्रसिद्ध बढ़ौरा शिव मंदिर में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

मिली जानकारी के मुताबिक इस समय सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया था और दिनभर भगवान शिव के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। सीधी जिले के अलावा आसपास के जिलों और कस्बों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सेमरिया थाना सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था में तैनात किया गया था। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या चोरी की आशंका को देखते हुए मंदिर क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी गई। यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए मंदिर से पहले ही चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया था और वाहनों को निर्धारित स्थानों पर पार्क कराया गया। मंदिर परिसर के आसपास लगी नारियल, चुनरी, प्रसाद एवं पूजन सामग्री की दुकानों पर भी दिनभर अच्छी खासी भीड़ रही। श्रद्धालुओं की खरीदारी से स्थानीय व्यापारियों में उत्साह देखने को मिला। पूरे दिन मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंजता रहा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया।

एक नजर में

हनुमान मंदिर में शिव महापुराण कथा का आयोजन

सीधी। कमर्जी अंचल में हनुमान मंदिर प्रांगण मधुगांव में श्रीराम महायज्ञ तथा श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। 5 जून से 14 जून तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में कथा की रस वर्षा हो रही है। श्रीश्री 108 श्री फलहारी महराज के मार्गदर्शन में इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ सम्राट पंडित सनत शास्त्री ने बताया कि भगवान यज्ञनारायण का पुरूषोत्तम मास में परिक्रमा करना अनंत फलदायी है। ऐसे कार्यक्रम में आने वाले भक्तों की समस्त मनोकामनाएं सिद्ध होती हैं और जीवन धन्य हो जाता है।

30 जून तक बनेंगे पात्र विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र

सीधी। जिले में छात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र विद्यार्थी तक पहुंचाने तथा अपार आईडी निर्माण अभियान को गति देने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालयों के संस्था प्रमुखों को विशेष निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के ऐसे विद्यार्थी, जिनके जाति प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बने हैं, उनके प्रमाण पत्र 30 जून 2026 तक अनिवार्य रूप से तैयार कराए जाएं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा संचालित छात्रवृत्ति, शैक्षणिक सहायता एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने के लिए जाति प्रमाण पत्र एक आवश्यक दस्तावेज है। साथ ही राज्य शासन द्वारा अपार आईडी निर्माण का विशेष अभियान भी संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सभी विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत आईडी तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ऐसे में जाति प्रमाण पत्रों का समय पर निर्माण अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने विद्यालय में कक्षा 1 से 12वीं तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों की विस्तृत समीक्षा करें तथा यह जानकारी संकलित करें कि किन विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बन चुके हैं और कौन अभी इससे वंचित हैं। इस अभियान की प्रगति की समीक्षा शीघ्र ही कलेक्टर द्वारा की जाएगी, इसलिए सभी विद्यालय निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

जनकल्याण शिविरों के सफल आयोजन के लिये नोडल नियुक्त

सीधी। मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के निर्देशानुसार जिले के विकासखंड एवं नगरीय निकाय मुख्यालयों में जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी, पात्र हितग्राहियों का पंजीयन, समस्याओं का निराकरण तथा योजनाओं के लाभ का त्वरित वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। शिविरों के सुचारू संचालन, समन्वय एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार 12 जून से 14 जून तक मझौली (विकासखंड एवं नगर पालिका स्तर) में आयोजित जनकल्याण शिविर के लिए कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार 13 जून से 15 जून तक रामपुर नैकिन विकासखंड के लिए उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, 14 जून से 16 जून तक कुसमी विकासखंड के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, तथा 15 जून से 17 जून तक सिहावल विकासखंड के लिए सहायक पंजीयक, सहकारिता विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त 16 जून से 18 जून तक सीधी विकासखंड एवं नगर पालिका क्षेत्र में आयोजित होने वाले जनकल्याण शिविर के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं 15 जून से 17 जून 2026 तक चुरहट नगर पालिका क्षेत्र में आयोजित शिविर के लिए कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग को दायित्व सौंपा गया है।

जनगणना 2027 : छह शिक्षकों को मिला स्टार ऑफ द मंथ

सीधी। जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य में उत्कृष्ट, निष्ठापूर्ण एवं समयबद्ध दायित्व निर्वहन करने वाले छह शिक्षकों को जिला प्रशासन द्वारा 'स्टार ऑफद मंथ' सम्मान प्रदान किया गया। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में इन शिक्षकों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र देकर उनके कार्यों की सराहना की गई। सम्मानित शिक्षकों में धीरज नामदेव माध्यमिक विद्यालय मड़वास, श्रीमती गीता सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डढ़िया चुरहट, सुशील सिंह शासकीय प्राथमिक शाला भनमार बहरी, दिव्यांशु अग्रवाल पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरहट, अनिल कुमार कुशवाहा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 सीधी तथा शिव आनंद तिवारी शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझौली शामिल हैं। जिला प्रशासन ने कहा कि इन शिक्षकों ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण के दौरान सौंपे गए दायित्वों का अत्यंत जिम्मेदारी, कार्यकुशलता और समर्पण के साथ निर्वहन किया। इनके प्रयासों से मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य को निर्धारित समय-सीमा में सफलतापूर्वक पूर्ण करने में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। प्रशंसा प्रमाण-पत्र में उल्लेख किया गया है कि सम्मानित शिक्षकों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, कर्तव्यनिष्ठा और टीम भावना का परिचय देते हुए जनगणना कार्य की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिला प्रशासन ने उनके योगदान को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बताते हुए उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए शुभकामनाएं प्रदान की हैं।

तेज धूप और उमस ने लोगों की बढ़ाई मुसीबतें

सीधी 8 जून। जून महीने के आगाज के साथ ही मौसम के मिजाज में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। दिन में अधिकांश समय तेज धूप खिलने से कड़ाके की गर्मी पड़ रही है। वहीं जिले के कुछ क्षेत्रों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश होने के कारण उमस भरी गर्मी का प्रकोप भी बना हुआ है। आकाश में घने बादलों के छाने पर कुछ समय के लिये धूप से राहत मिलती है लेकिन कुछ समय के अंदर ही तेज धूप खिलने से फजीहतें शुरू हो जाती हैं।

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी, स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

नवभारत न्यूज

सीधी 8 जून। प्रदेशभर में अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल लगातार जारी है।

हड़ताल के कारण जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं जिससे मरीजों को आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का कहना है कि वे वर्षों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें नियमित कर्मचारियों के समान वेतनमान, सुविधाएं एवं सेवा सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराई गई है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, समान कार्य के लिए समान वेतन, वेतन वृद्धि तथा सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। हड़ताल के समर्थन में जिलेभर के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी एकजुट होकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं।

कर्मचारियों का आरोप है कि कई बार शासन एवं प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया, लेकिन उनकी मांगों पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इसी के चलते उन्हें आंदोलन का मार्ग अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ा। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक एवं ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन एवं हड़ताल जारी रहेगी।

मलेरिया की रोकथाम के लिए जिलेभर में चलेगा विशेष अभियान, जनजागरूकता रथ रवाना

नवभारत न्यूज

सीधी 8 जून। आगामी मानसून को देखते हुए जिले में मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

इसी क्रम में जून माह को मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाते हुए सोमवार को कलेक्टर एवं जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष विकास मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स बैठक एवं अंतर्विभागीय कार्यशाला आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मलेरिया नियंत्रण अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि वर्षा ऋतु में मच्छरों की संख्या बढ़ने के साथ मलेरिया एवं अन्य बुखारजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने निर्देशित किया कि मलेरिया अथवा बुखार के रोगियों की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा फीवर सर्वे, जांच एवं आवश्यक नियंत्रणात्मक कार्रवाई तत्काल कराई जाए। बैठक के उपरांत सीईओ जिला पंचायत एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में मलेरिया जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

मतदाता सूची पुनरीक्षण दावा-आपत्ति की अवधि बढ़ी

नवभारत न्यूज

सीधी 8 जून। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों एवं नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 की प्रक्रिया एवं समय-सारणी में संशोधन करते हुए दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 जून 2026 को अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित की गई है। निर्देशानुसार सभी दावा-आपत्ति केन्द्रों पर प्रारूप मतदाता सूची एवं आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध कराते हुए दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की कार्यवाही तत्काल प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने जपं सीधी, कुसमी, मझौली, रामपुर नैकिन व सिहावल तथा नपा सीधी एवं नप चुरहट, रामपुर नैकिन और मझौली के रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संशोधित कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें ताकि पात्र मतदाता निर्धारित अवधि में अपने नाम जोड़ने अथवा अन्य आवश्यक दावा-आपत्तियां प्रस्तुत कर सकें।

समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करें सुनिश्चित : विकास

समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश

नवभारत न्यूज

सीधी 8 जून। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर विकास मिश्रा ने विभिन्न विभागों की योजनाओं, लंबित प्रकरणों एवं आगामी गतिविधियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में स्थानांतरण नीति के तहत प्रस्तावों की तैयारी, मानसून पूर्व व्यवस्थाएं, पेयजल आपूर्ति, छात्र हितग्राही योजनाओं, जनकल्याण शिविरों के आयोजन, विद्यालयों एवं छात्रावासों की तैयारियों तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि राज्य शासन की स्थानांतरण नीति के अनुसार पात्र अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्थानांतरण संबंधी प्रस्तावों को निर्धारित समय-सीमा में तैयार कर प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सभी प्रस्ताव नियमानुसार एवं तथ्यों के आधार पर तैयार किए जाएं। आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए कलेक्टर ने बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नालों एवं नालियों की साफ-सफाई अभियान चलाकर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही तालाबों, नालों एवं अन्य जल संरचनाओं के किनारे किए गए अतिक्रमणों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा, जिससे जल निकासी बाधित न हो और संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। बैठक में पेयजल व्यवस्था एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। छात्र हितग्राही योजनाओं एवं अपार आईडी निर्माण अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के ऐसे विद्यार्थियों, जिनके जाति प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बने हैं, उनके प्रमाण पत्र 30 जून तक अनिवार्य रूप से तैयार कराए जाएं।

गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश

कलेक्टर ने ''कलेक्टर समाधान'' कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद स्थापित कर समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए समय-सीमा में संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।